# न्यूज़ रिलीज़

Ontario

24 मार्च, 2021

# ऑंटैरियो कार्य योजना: लोगों के स्वास्थ्य और हमारी अर्थव्यवस्था की रक्षा करना

## 2021 का बजट *प्रांत की COVID-19 प्रतिक्रिया को $51 बिलियन तक पहुँचा देता है*

टोरंटो – आज, वित्त मंत्री और ट्रेज़री बोर्ड के अध्यक्ष Peter Bethlenfalvy ने *ऑंटैरियो की कार्य योजना: लोगों के स्वास्थ्य और हमारी अर्थव्यवस्था की रक्षा करना* (Ontario's Action Plan: Protecting People's Health and Our Economy) जारी की। *2021 Budget (2021 बजट)* ऑंटैरियो की COVID-19 के प्रति प्रतिक्रिया का अगला चरण है और यह सरकार के द्वारा वैश्विक महामारी के दौरान जारी किया गया दूसरा बजट है।

मिनिस्टर Bethlenfalvy ने कहा, "आपके पास स्वस्थ लोगों के बिना स्वस्थ अर्थव्यवस्था नहीं हो सकती।" "पिछले एक साल से, हम लोगों की COVID-19 से रक्षा करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। आगे कई चुनौतियाँ हैं। लेकिन प्रांत के हर कोने में वैक्सीनें वितरित की जाने के साथ, क्षितिज पर आशा की किरण दिखाई दे रही है। हमने एक साल पहले जो काम शुरू किया था, उसे पूरा करने के लिए हम तैयार हैं।"

*2021 Budget* वैश्विक महामारी की प्रतिक्रिया में सरकार के रिकॉर्ड निवेशों में वृद्धि करता है, जो लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए कुल निवेशों को $16.3 बिलियन और हमारी अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए $23.3 बिलियन तक पहुँचा देता है। ऑंटैरियो की COVID-19 कार्य योजना अब कुल $51 बिलियन की सहायता करती है।

मिनिस्टर Bethlenfalvy ने कहा, "अंततः वैश्विक महामारी हमसे पीछे होगी। यह महीनों दूर है, सालों दूर नहीं।" "हम उस दिन तक टीम ऑंटैरियो (Team Ontario) के कठिन परिश्रम और बलिदान से पहुँचेंगे। हमारी सरकार लोगों के स्वास्थ्य और नौकरियों की रक्षा के लिए हमारी प्रतिबद्धता को निभाने की राह पर हरेक कदम के लिए साथ होगी। जब यह अध्याय आखिरकार बंद हो जाए, तो मुझे विश्वास है कि ऑंटैरियो के लोग उस आर्थिक विकास को तेज़ी से आगे बढ़ाएँगे जो कि रोजगार सृजन, समृद्धि और एक सशक्त प्रांत के लिए आवश्यक है।"

**लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा करना** (Protecting People's Health) *2021 Budget* का प्रथम स्तंभ है। इसमें COVID-19 को हराने, दीर्घकालिक देखभाल को व्यवस्थित करने और लोगों की देखभाल करने के उपाय शामिल हैं।

मिनिस्टर Bethlenfalvy ने कहा, “वैक्सीनें नाउम्मीदी में उम्मीद की किरण हैं, और प्रांत में वैक्सीनें पहुँचने पर उन्हें लगाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं।” “हम आज अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में निवेश करना जारी रखेंगे और लंबी अवधि के लिए, अस्पताल के अधिक बेड बनाने, अस्पतालों के निर्माण और उनमें सुधार करने, परीक्षण (टेस्टिंग) बढ़ाने और दीर्घकालिक देखभाल को व्यवस्थित करने के लिए वैश्विक महामारी की शुरुआत से ही किए जा रहे रिकॉर्ड निवेशों को और बढ़ाएँगे।”

COVID-19 **को हराने के लिए** ऑंटैरियो की योजना की मुख्य विशेषताएँ:

- प्रांत के हर उस व्यक्ति का टीकाकरण करना जो टीका लगवाना चाहता है, ऑंटैरियो ने प्रांत-व्यापी टीकाकरण योजना के लिए $1 बिलियन से अधिक राशि उपलब्ध कराई है। ऑंटैरियो परीक्षण (टेस्टिंग) और संपर्क ट्रेसिंग के लिए $2.3 बिलियन का निवेश करके कार्यस्थलों, व्यवसायों और समुदायों के साथ फिर से जुड़ना भी सुरक्षित बना रहा है।
- फ्रंटलाइन हीरो और कमजोर लोगों की रक्षा के लिए, ऑंटैरियो ने व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (personal protective equipment) के वास्ते $1.4 बिलियन उपलब्ध कराया है, जिसमें 315 मिलियन से अधिक मास्क और 1.2 बिलियन से अधिक दस्ताने शामिल हैं।
- यह सुनिश्चित करने के लिए कि अस्पताल में उस प्रत्येक व्यक्ति को, जिसे देखभाल की आवश्यकता है, वैश्विक महामारी के सबसे बुरे समय के दौरान भी बेड तक पहुँच प्राप्त हो सके, सरकार वैश्विक महामारी के शुरुआत से ही अस्पतालों की सहायता करने के लिए $5.1 बिलियन का अतिरिक्त निवेश कर रही है, 3,100 से अधिक अतिरिक्त अस्पताल बेड तैयार करते हुए। इसमें COVID-19 के रोगियों को देखभाल प्रदान करना जारी रखने, सर्जिकल बैकलॉग्स की समस्या को समाप्त करने और रोगियों की ज़रूरतों के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए 2021–22 में $1.8 बिलियन की राशि शामिल हैं।

**दीर्घकालिक देखभाल को व्यवस्थित करने के लिए** ऑंटैरियो की योजना की मुख्य विशेषताएँ:

- दशकों की उपेक्षा को दूर करने और उन लोगों की मदद करने के लिए जो दीर्घकालिक देखभाल प्राप्त करने के लिए प्रतीक्षा कर रहे हैं, ऑंटैरियो चार वर्षों में कुल $2.6 बिलियन तक के लिए, $933 मिलियन का अतिरिक्त निवेश कर रहा है, ताकि 30,000 नए दीर्घकालिक देखभाल बेड्स का निर्माण किया जा सके। ऑंटैरियो मौजूदा घरों में रहने की स्थिति में सुधार करने के लिए भी अगले चार वर्षों में $246 मिलियन का निवेश कर रहा है, जिसमें यह सुनिश्चित करना शामिल है कि घरों में निवासियों के लिए एयर कंडीशनिंग (वातानुकूलन) हो, ताकि प्रियजन आराम और सुरक्षा, गरिमा और सम्मान के साथ रह सकें।

- दीर्घकालिक देखभाल में प्रियजनों की घातक COVID-19 वायरस से रक्षा के लिए, ओंटैरियो 2021-22 में $650 मिलियन का अतिरिक्त निवेश कर रहा है, जो वैश्विक महामारी की शुरुआत के बाद से सबसे कमजोर लोगों की रक्षा के लिए किए गए कुल निवेशित संसाधनों को $2 बिलियन से भी ऊपर ले जा रहा है।
- यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रियजनों को कनाडा में सबसे अच्छी गुणवत्ता वाली देखभाल प्राप्त हो, ओंटैरियो चार वर्षों में $4.9 बिलियन का निवेश कर रहा है, ताकि दीर्घकालिक देखभाल में रोज़ाना औसत सीधी देखभाल को चार घंटे तक बढ़ाया जा सके और 27,000 से अधिक नए पदों पर नियुक्ती की जा सके, जिनमें व्यक्तिगत सहायता कर्मी (personal support workers - PSWs) और नर्सें भी शामिल हैं।

**लोगों की देखभाल** के लिए ओंटैरियो की योजना की मुख्य विशेषताएँ:

- और अधिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की आवश्यकता को पूरा करने के लिए, ओंटैरियो अस्पताल विस्तार और निर्माण की ऐतिहासिक परियोजनाओं को सहयोग देने के लिए निवेश कर रहा है, जिसमें William Osler Health System's Peel Memorial में एक नई इनपेशेंट विंग, और Windsor-Essex में एक नए क्षेत्रीय अस्पताल बनाने की योजना शामिल है।
- मानसिक स्वास्थ्य और व्यसनों के मुद्दों से जूझ रहे हजारों लोगों की मदद करने के लिए, ओंटैरियो 10 वर्षों में $3.8 बिलियन के ऐतिहासिक निवेश के हिस्से के रूप में 2021-22 में $175 मिलियन की अतिरिक्त धनराशि वित्तपोषित कर रहा है, ताकि हर ऐसे व्यक्ति को अधिक और बेहतर देखभाल उपलब्ध कराई जाए जिसे इसकी आवश्यकता है।

लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए ओंटैरियो की योजना के बारे में और अधिक जानें।

**हमारी अर्थव्यवस्था की रक्षा करना**(Protecting Our Economy) *2021 Budget* का दूसरा स्तंभ है। यह परिवारों, श्रमिकों और नियोक्ताओं की सहायता करने के वास्ते ओंटैरियो की योजना की रूपरेखा देता है।

मिनिस्टर Bethlenfalvy ने कहा, "श्रमिकों, परिवारों और व्यवसाय के मालिकों को आवश्यक सार्वजनिक स्वास्थ्य के उपायों के लिए एक कीमत चुकानी पड़ी है, लेकिन इस पर कोई सवाल ही नहीं उठता कि उन्होंने जीवन बचाए हैं।" "हम उन बलिदानों को मान्यता देते हैं, जो दिए गए हैं। हम उन लोगों को अतिरिक्त राहत और सहायता प्रदान करने के लिए और अधिक कदम उठा रहे हैं, जो वैश्विक महामारी से सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं, जिसमें माता-पिता को सीधे भुगतानों की तीसरी किस्त प्रदान करना, Ontario Small Business Support Grant (ओंटैरियो के लघु व्यवसाय सहायता अनुदान) को दोगुना करना, और श्रमिकों को उनके प्रशिक्षण ख़र्चे में मदद करना शामिल है।"

**श्रमिकों और परिवारों की मदद करने के लिए** ओंटैरियो की योजना की प्रमुख विशेषताएँ:

- श्रमिकों को उनके प्रशिक्षण ख़र्च में मदद करने के लिए, सरकार 2021 के लिए एक नया Ontario Jobs Training Tax Credit (ओंटैरियो जॉब्स ट्रेनिंग टैक्स क्रेडिट) प्रस्तावित कर रही है। यह 2021 में लगभग 230,000 लोगों को सहायता देने के लिए कुल अनुमानित $260 मिलियन के वास्ते, उपयुक्त व्यय का लगभग 50 प्रतिशत भाग $2,000 प्रति प्राप्तकर्ता तक के रूप में उपलब्ध कराएगा।
- उन परिवारों — जिन्होंने वैश्विक महामारी के कारण नए दबावों और ख़र्चों का सामना किया है — को उनकी जेबों में अधिक पैसा रखने में मदद करने के लिए, सरकार Ontario COVID-19 Child Benefit (ओंटैरियो COVID-19 बाल लाभ) के माध्यम से माता-पिता की सहायता करने के लिए भुगतानों की तीसरी किस्त उपलब्ध करा रही है, जो पिछले मार्च से अब तक कुल $1.8 बिलियन हो गया है। इस राउंड (किस्त) के लिए भुगतान दोगुना करके प्रत्येक बच्चे के लिए $400 और विशेष जरूरतों वाले प्रत्येक बच्चे के लिए $500 कर दिया जाएगा, जिसका अर्थ यह है कि तीन छोटे बच्चों वाले परिवार, जिनमें से एक को विशेष आवश्यकताएँ हैं, को तीसरे राउंड के भुगतान के बाद कुल मिलाकर $2,600 प्राप्त होंगे।
- बच्चों की देखभाल की लागत के साथ माता-पिता की सहायता करने और उन्हें कार्यबल में वापस लाने में मदद करने के वास्ते, सरकार 2021 के लिए CARE tax credit (CARE टैक्स क्रेडिट) में 20 प्रतिशत वृद्धि को प्रस्तावित कर रही है। यह सहायता को औसतन $1,250 से लेकर $1,500 तक बढ़ाएगा, जिससे 300,000 से अधिक परिवारों को बच्चे की देखभाल के व्यय के लिए लगभग $75 मिलियन की अतिरिक्त सहायता दी जाएगी।

**नौकरियों में सहायता** के लिए ओंटैरियो की योजना की मुख्य विशेषताएँ:

- COVID-19 से लोगों को बचाने के लिए आवश्यक प्रतिबंधों से सबसे अधिक प्रभावित होने वाले लघु व्यवसायों की मदद करने के लिए, ओंटैरियो योग्य प्राप्तकर्ताओं को Ontario Small Business Support Grant भुगतानों की दूसरी किस्त उपलब्ध करा रहा है। न्यूनतम $10,000 से लेकर $20,000 तक के अनुदानों के रूप में सहायता के इस दूसरे राउंड की जरिए लगभग 120,000 लघु व्यवसाय $1.7 बिलियन की अतिरिक्त सहायता से स्वतः लाभान्वित होंगे — और इस अनुदान के जरिए दी जाने वाली कुल अनुमानित सहयता $3.4 बिलियन तक पहुँच जाएगी।
- ओंटैरियो के पर्यटन, आतिथ्य और संस्कृति उद्योग, जो COVID-19 वैश्विक महामारी से सबसे अधिक प्रभावितों में शामिल हैं, की सहायता करने के लिए, ओंटैरियो अगले तीन वर्षों में इन क्षेत्रों की सहायता करने के लिए नई पहलों में $400 मिलियन का अतिरिक्त निवेश कर रहा है। इसने पहले घोषित $225 मिलियन के निवेशों को वैश्विक महामारी शुरू होने के बाद से बढ़ाकर, कुल $625 मिलियन से भी अधिक पहुँचा दिया है।
- घरों, व्यवसायों और समुदायों को ब्रॉडबैंड — जिसे COVID-19 ने एक आवश्यकता, न कि एक विलासिता के रूप में दर्शाया है — से जोड़ने के लिए ओंटैरियो $2.8 बिलियन का निवेश कर रहा है, जिससे 2019-20 से शुरू होने वाले छह वर्षों में प्रांत का कुल निवेश तकरीबन $4 बिलियन हो जाएगा।

**समुदायों की सहायता करने के लिए** ओंटैरियो की योजना की मुख्य विशेषताएँ:

- धर्म आधारित और सांस्कृतिक संगठनों, जो COVID-19 की वजह से अतिरिक्त लागत के कारण संघर्ष कर रहे हैं, को सहायता देने के लिए ओंटैरियो योग्य संगठनों को अनुदान के वास्ते $50 मिलियन तक उपलब्ध कराएगा।
- ओंटैरियो की 444 नगरपालिकाओं, जो COVID-19 के विरुद्ध लड़ाई में प्रांत के प्रमुख भागीदार हैं, की सहायता करने के लिए सरकार 2021 में महत्वपूर्ण सार्वजनिक सेवाओं को संरक्षित करने और आर्थिक सुधार में सहायता करने के वास्ते अतिरिक्त वित्तीय राहत के रूप में लगभग $1 बिलियन प्रदान कर रही है।

[हमारी अर्थव्यवस्था की सुरक्षा के लिए ओंटैरियो की योजना के बारे में और जानें।]

त्वरित तथ्य

दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं की तरह ही, ओंटैरियो COVID-19 वैश्विक महामारी से काफी प्रभावित हुआ है। प्रांत का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2020 में 5.7 प्रतिशत घटने का अनुमान है। जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था में सुधार होगा, ओंटैरियो की वास्तविक जीडीपी और रोज़गार दोनों की ही 2022 की शुरुआत में अपने पूर्व-महामारी के स्तर को पार कर लेने का पूर्वानुमान है।

- ओंटैरियो 2020-21 में $38.5 बिलियन के घाटे का अनुमान लगा रहा है। मध्यम अवधि के दौरान, सरकार 2021-22 में $33.1 बिलियन, 2022-23 में $27.7 बिलियन और 2023-24 में $20.2 बिलियन के निरंतर कम होते घाटों का अनुमान प्रस्तुत कर रही है।
- उच्च स्तर की आर्थिक अनिश्चितता के बारे में पारदर्शिता लाने के लिए, *2021 Budget* में तीव्र विकास और धीमे विकास के परिदृश्य शामिल किए गए हैं जो अर्थव्यवस्था में अगले कई वर्षों के दौरान शामिल हो सकते हैं और यह ओंटैरियो के वित्त पर उनके संभावित प्रभावों को दर्शाता है।

*अतिरिक्त संसाधन*

2021 बजट — ओंटैरियो की कार्य योजना: लोगों के स्वास्थ्य और हमारी अर्थव्यवस्था की रक्षा करना

ओंटैरियो की कार्य योजना की मुख्य विशेषताएँ पढ़ें: लोगों के स्वास्थ्य और हमारी अर्थव्यवस्था की रक्षा करना

लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा करना

हमारी अर्थव्यवस्था की रक्षा करना

आर्थिक और राजकोषीय सिंहावलोकन

मंत्री का विधानमंडल में दिया बयान पढ़ें

2020 ओंटैरियो बजट — ओंटैरियो की कार्य योजना: सुरक्षा, सहायता, पुनर्प्राप्ति